at important Railway stations highlighting the dangers of roof travelling.

(ii) Ticket checking and other staff are instrutced to prevent passengers from travelling on roofs and make them get down before the departure of trains.

(iii) Raids and checks are conducted with the help of RPF|GRP to prevent roof travelling and offenders are prosecuted.

(iv) Capacity is augmented to the extent feasible by providing additional coaches or by running additional trains to meet the demands of passenger traffic.

**मनमाड और दिल्ली के बीच सीधी रेल सेवा**

**2467. श्री विट्ठल राव माधव राव जाधव :**
**श्री एस० बी० रमेश बाबू :**

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली और मनमाड के बीच सीधी रेल सेवा है यदि हां, तो मनमाड से कौन सी गाड़ी सीधे दिल्ली जाती है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि जिला निजामाबाद, पूर्णा, नादेड, उस्मानाबाद, बीर, लातूर, परभनी, जालना, औरंगाबाद, और मनमाड आदि से हजारों यात्रियों को दिल्ली के लिये मनमाड जंक्शन से गाड़ी बदलनी पड़ती है, यदि हां, तो कौन-कौन सी गाड़ियां किस-किस समय दिल्ली और मनमाड के बीच चलती हैं ; और

(ग) क्या सरकार इस तथ्य से को ध्यान में रखते हुये कि प्रतिदिन हजारों यात्री दिल्ली आते हैं, उनकी सुविधा हेतु मनमाड और दिल्ली के बीच सीधी रलगाड़ी चलाने का विचार रखती है ?

**रेल मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खान चौधरी)** : (क) से (ग) 21-2-84 से 905,906 निजामुद्दीन–बेंगलूर एक्सप्रेस नामक एक अतिरिक्त साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी चलायी गयी है, जो मनमाड को दिल्ली से सीधी जोड़ती है । इस समय दिल्ली और मनमाड के बीच 4 गाड़ियां चलती हैं, जिनका समय इस प्रकार है :—

| 906 निजामुद्दीन-बेंगलूर सिटी | 6 पंजाब मेल | 58 अमृतसर दादर एक्सप्रेस | 178 जेलम एक्सप्रेस | स्टेशन | 905 बेंगलूर सिटी निजामुद्दीन एक्सप्रेस | 5 पंजाब मेल | 57 दादर अमृतसर एक्सप्रेस | 177 जेलम एक्सप्रेस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| — | 07.27 | — | — | छू० दिल्ली पं० | — | 20.30 | — | — |
| — | 7.55 | 21.30 | 11.27 | छू० नई दिल्ली पं० | — | 20.00 | 06.40 | 20.25 |
| 09.20 | — | 21.46 | — | छू० निजामुद्दीन पं० | 14.35 | 19.35 | 06.14 | — |
| 05.05 | 6.42 | 23.20 | 07.02 | पं० मनमाड छू० | 19.15 | 22.05 | 04.21 | 01.13 |